प्रादेशिक समाचार
11.07.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. नीट यूजी पेपर लीक मामले में सर्वोच्च न्यायालय में सुनवाई, सीबीआई ने बंद लिफाफे में सौंपी अपनी रिपोर्ट।
2. निर्वाचन आयोग की टीम रामगढ़ जिले के पतरातू में विधानसभा चुनाव को लेकर सभी जिलों के उपायुक्तों के साथ कर रही है बैठक।
3. भाजपा ने संताल इलाके में आदिवासियों की घटती आबादी पर जतायी चिंता, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने राज्य सरकार पर सुनियोजित तरीके से डेमोग्राफी बदलने का लगाया आरोप।
4. साइबर अपराध के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता, गिरिडीह से छह अपराधी गिरफ्तार।
5. मौसम विभाग ने अगले तीन दिन रांची, दुमका और गिरिडीह समेत 14 जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट किया जारी, वज्रपात की भी चेतावनी।

********************

नीट यूजी पेपर लीक मामले में दायर याचिकाओं पर सर्वोच्च न्यायालय में आज सुनवाई होगी। शीर्ष अदालत के फैसले पर सबकी निगाहें टिकी हुई है। इससे पहले कल केन्द्र और एनटीए की ओर से अलग–अलग हलफनामा शीर्ष अदालत में दायर किया गया। हलफनामे में कहा गया है कि नीट–यूजी परीक्षा में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी नहीं हुई है। केन्द्र की ओर से कहा गया है कि वह नीट परीक्षा फिर से कराने के पक्ष में नहीं है। इस बीच सीबीआई ने भी बंद लिफाफे में सुप्रीम कोर्ट को अपनी रिपोर्ट सौंपी है।

********************

दो दिवसीय दौरे पर झारखंड पहुंची भारत निर्वाचन आयोग की टीम आज दूसरे दिन रामगढ़ जिले के पतरातू में सभी जिलों के निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ बैठक कर रही है। वरिष्ठ उप चुनाव आयुक्त नितेश व्यास और धर्मेंद्र शर्मा की अध्यक्षता में हो रही बैठक में राज्य में विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की जा रही है। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कैसी तैयारी करनी है, इस पर चर्चा हो रही है। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उपायों पर भी मंथन जारी है। बैठक देर शाम तक जारी रहने की संभावना है।

********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में प्रसिद्ध अर्थशास्त्रियों के साथ विचार–विमर्श करेंगे। वे आगामी केंद्रीय बजट के लिए उनके विचार और सुझाव लेंगे। इस बैठक में अर्थशास्त्रियों के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ भागीदारी करेंगे। इस बैठक में नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी और अन्य सदस्य भी शामिल होंगे। संसद का बजट सत्र इस महीने की 22 तारीख को शुरू होगा। वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन लोकसभा में केंद्रीय बजट 2024–25 पेश करेंगी। यह नरेन्द्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट होगा।

********************

भारतीय जनता पार्टी ने राज्य सरकार पर सुनियोजित तरीके से संताल परगना की डेमोग्राफी बदलने का आरोप लगाया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पाकुड़ में एक प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर संताल इलाके में आदिवासियों की घटती आबादी पर चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा कि राज्य में अगर अगली सरकार भाजपा की बनी तो कैबिनेट की पहली बैठक में संताल इलाके में बांगलादेशी घुसपैठ मामले की जांच कराने का फैसला लिया जायेगा।

********************

दक्षिणी छोटानागपुर प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक अखिलेश कुमार झा ने लोहरदगा जिले में पुलिस अधीक्षक कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जिले के पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक की और विधि व्यवस्था, अपराध, उग्रवाद समेत अन्य गंभीर मसलों की समीक्षा की। श्री झा ने पुलिस पदाधिकारियों को अपराध और उग्रवाद पर अंकुश लगाने के लिए आवश्यक निर्देश भी दिये। बैठक में जिले के पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां भी मौजूद रहे।

********************

साहिबगंज जिले के विद्यालयों में शिक्षा के स्तर में गुणात्मक सुधार के लिए विशेष पहल की जा रही है।

********************

साइबर अपराध के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को एक और सफलता मिली है। पुलिस ने गिरिडीह जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में छापेमारी कर छह साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जिले के पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों के पास से 12 मोबाइल फोन समेत कई आपत्तिजनक चीजें बरामद की गयी हैं।

********************

राज्य के वित्त मंत्री डा. रामेश्वर उरांव ने कहा है कि सरकार लोगों के जीवन स्तर में सुधार के साथ–साथ धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए भी प्रतिबद्ध है। लोहरदगा जिले के किस्को और कुडू प्रखंड में मुस्लिम धर्मावलंबियों के बीच वाद्य यंत्रों का वितरण करते हुए उन्होंने सर्वधर्म सम्भाव की चर्चा करते हुए कहा कि हमारा देश वसुदैव कुटुंबकम पर आधारित है।

********************

पश्चिमी सिंहभूम जिला मुख्यालय चाईबासा स्थित वनपाल प्रशिक्षण केन्द्र परिसर में प्रकृति व्याख्या केंद्र की स्थापना की गयी है। टाटा स्टील द्वारा लगभग 6 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित इस प्रकृति व्याख्या केंद्र का लोकार्पण मंत्री दीपक बिरुवा ने किया। टाटा स्टील नोवामुंडी के महाप्रबंधक अतुल भटनागर ने बताया कि इस केंद्र का निर्माण वन प्राणियों के संरक्षण और संवर्धन के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से किया गया है।

********************

जमशेदपुर में युवाओं को खेल से जोड़ने के लिए बिरसा युवा मंच की ओर से विशेष पहल की गयी है। युवाओं के लिए पहली बार बस्ती यूथ प्रीमियर लीग के नाम से तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। मंच के संस्थापक और सेवानिवृत आईपीएस अधिकारी राजीव रंजन सिंह ने बताया कि टूर्नामेंट का उद्घाटन कल दोपहर बाद साढ़े तीन बजे किया जायेगा जबकि इसका समापन 14 जुलाई को होगा। टूर्नामेंट में करीब 250 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

********************

राज्य में करीब एक हफ्ते बाद मानसून फिर सक्रिय हो गया है। देवघर में आज सुबह से ही रुक–रुक कर बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के कई अन्य जिलों में भी गरज के साथ बारिश की संभावना व्यक्त की है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिन रांची समेत 14 जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। साथ ही वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के निदेशक अभिषेक आनंद ने वज्रपात को लेकर लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।

*******समाप्त*******